TRIBUTION AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED) : (a) and (b) Foreign participation at IITF'93 was more or less at the same level as in the previous year. During the IITF '93 15 countries at national level and 9 foreign companies participated as compared to 16 countries and 6 companies at IITF '92.

Additionally, there were 16 company level participation at Techmart '93 which was a subset of IITF '93, compared to 15 companies in Techmart '92.

2383. श्री अजीत जोगी :

चौधरी हरि सिंह : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1991-92 के दौरान रत्न जवाहरात और हीरों का कितनी मात्रा में तथा कितने मूल्य का निर्यात किया गया और चालू वर्ष के दौरान कितना निर्यात किये जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष की तुलना में उक्त निर्यात में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिये निर्यात के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं; और

(घ) इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाये जाने का प्रस्ताव है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) :(क) वर्ष 1991-92 के दौरान हीरों, स्वर्ण-आभूषण तथा रंगीन, रत्नों और अन्यों (मोती, संश्लिष्ट पत्थर, आदि सहित) के निर्यात और वर्ष 1993-94 के लिये लक्ष्य के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

(मूल्य करोड़ रु. में)

मद	निर्यात 1991-92	लक्ष्य 1993-94
हीरा	6162.64 (87.21)*	9680
स्वर्ण आभूषण	750.04	960
रंगीन रत्न तथा अन्य	321.05	416
योग	7233.73	11056

वर्ष 1993-94 के लिये 11056 करोड़ रु. का निर्यात लक्ष्य संभवतः प्राप्त कर लिया जायेगा ।

टिप्पणी—*मात्रा लाख कैरेट में

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान रत्न तथा आभूषण के निर्यात और उनमें हुई प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है :—

वर्ष	निर्यात	करोड़ रु. में % वृद्धि
1990–91	5360.24	
1991–92	7233.73	+ 34.95
1992–93	9503.50	+ 31.37

(ग) रत्न तथा आभूषण के लिए निर्यात लक्ष्य प्रत्येक वर्ष विदेशी बाजारों में विद्यमान दशाओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए जाते हैं। वर्ष 1993-94 के लिए निर्यात लक्ष्य 11056 करोड़ रु. है।

(घ) सरकार का विचार-निर्यात उत्पादन में सुधार लाने के लिए विनिर्दिष्ट उपायों तथा साथ-साथ क्रेता-विक्रेता बैठकों के प्रयोजनों मेलों/प्रदर्शनी आदि में भाग लेने के जरिए रत्न तथा आभूषण का निर्यात बढ़ाने का है।

यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों को किए जाने वाले निर्यात का प्रभाव

2384. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों को दिए जाने वाले निर्यात का रुपये की विनिमय दर पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) और (ख) चूंकि रुपए की विनिमय दर विदेशी मुद्रा बाजारों में मांग और आपूर्ति के आधार पर निर्धारित होती है इसलिए रुपए की विनिमय दर पर एक क्षेत्र से निर्यात के प्रभाव को अलग करना और मूल्यांकन करना संभव नहीं है।

पाकिस्तान के साथ आयात और निर्यात

2385. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान से वर्ष 1992-93 के दौरान आयात की गई वस्तुओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी कीमत कितनी थी; और

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान पाकिस्तान को निर्यात की गई वस्तुओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी कितनी कीमत थी ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 के दौरान पाकिस्तान से आयात की गई तथा पाकिस्तान को निर्यात की गई प्रमुख मदों के मूल्य सहित ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—